नन्दी पे हो के सवार भोला जी चले दुल्हा बनके

नन्दी पे हो के सवार

नन्दी पे, हो के सवार,
भोला जी, चले दुल्हा बनके ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके
भोला जी, चले दुल्हा बनके ॥
खा के, धतुरा और भांग... (बम भोले) ॥
भोले जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

नन्दी, का घूंघरू, छम-छम बोले ॥
भोले, जी का डमरू, डम डम बोले ॥
कांधे पे, नाचे काला नाग़... (बम भोले) ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

भूत, प्रेतों का, देख बराती ।
सारे, नगर में, भगदड़ मची ॥
मच गया, हा हा कार... (बम भोले) ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

गौरां, की माता, स्वागत को आई ॥
देख के, भोले को, वोह घबराई ॥
हाथों से, छुट गयो थाल... (बम भोले) ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

गौरां, री तेरी, किस्मत खोटी ।
दूल्हा, सौ बर्ष, तेरी आयु छोटी ॥
कैसे, निभाएगी साथ... (बम भोले) ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

गौरां ने, माँ को, समझाया ।
तीन, लोक का, नाथ है आया ॥
भरे, सब के वो भंडार... (बम भोले) ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

नारद, जी उठ, बोले माता ।

भोले, है सारे, जग के विधाता ॥
गौरां के, खुल गयो भाग... (बम भोले) ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

भोला, जी पहुंचे, मंडप माहीं ।
लगन, की देखो, हुई तैयारी ॥
फेरे हुए, गौरां के साथ... (बम भोले) ॥
भोला जी, चले दुल्हा बनके...
नन्दी पे, हो के सवार...

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36102/title/nandi-pe-ho-ke-swar-bhole-ji-chale-dulha-ban-ke

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |